उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी,
घोड़ाखाल रोड, भवाली, जिला–नैनीताल।
निविदा सूचना

अकादमी उपयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2011–2012 में **"फर्नीचर की आपूर्ति"** के लिए उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008' में दिये गये प्राविधानों के अनुसार प्रतिष्ठित निर्माता/अधिकृत विक्रेता फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदा के ऊपर **"फर्नीचर की आपूर्ति"** लिखना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 21.11.2011 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक स्वीकार होंगी तथा उसी दिन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अकादमी कार्यालय में खोली जाएँगी। निविदा प्रपत्र ₹500/–(पांच सौ) मात्र नकद भुगतान कर अकादमी कार्यालय से दिनांक 01.11.2011 से 21.11.2011 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त निविदा के साथ ₹ 12,000/–(बारह हजार) मात्र की धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में जो निदेशक, उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली के पक्ष में बंधक हो, लगाया जाना अनिवार्य है। निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदा पत्र के साथ संलग्न शर्तो का अध्ययन भली–भॉति कर लिया जाय। शर्तो के अनुसार निविदाएँ न होने अथवा अपूर्ण होने की दशा में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के नियम एवं शर्तो का अवलोकन मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल http://www.highcourtofuttarakhand.gov.in तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) की वेबसाइट www.ua.nic.in पर किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक(लेखा)

उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी के उपयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2011–2012 के लिए
<u>फर्नीचर की आपूर्ति हेतु निविदा के नियम एवं शर्ते</u>

1. फर्म का ट्रेड टैक्स विभाग का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है तथा रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत की जानी अनिवार्य होगी।
2. आयकर विभाग के पेन कार्ड की प्रति संलग्न की जानी आवश्यक होगी।
3. सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार का दोष आने पर प्रतिपूर्ति/धरोहर धनराशि में से कटौती की जायेगी।
4. आपूर्ति किये गये सामग्री की किसी भी प्रकार की कमी होने पर सामग्री को बदलने का दायित्व आपूर्तिकर्ता फर्म का होगा।
5. उत्तराखण्ड राज्य में फर्म के प्रतिनिधि का नाम पता एवं दूरभाष का होना अनिवार्य है।
6. आवश्यकता होने पर सामग्री गुणवत्ता के सम्बन्ध में विशेषज्ञों से सामग्री का परीक्षण कराया जा सकता है। यदि परीक्षण में प्रतिकूल तथ्य प्राप्त होता है तो धरोहर राशि को अकादमी के पक्ष में जब्त कर फर्म को Black list में डाला जा सकता है।
7. फर्म द्वारा दी गई सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
8. निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 500.00 (रूपये पॉच सौ मात्र) होगा।
9. निविदादाता फर्म को निदेशक, उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली, जिला–नैनीताल के पक्ष में फर्नीचर की आपूर्ति के लिए ₹ 12,000/– (बारह हजार) मात्र का राष्ट्रीयकृत बैंक एफ0डी0आर0 दो माह की अवधि के लिए बंधक किया जाना आवश्यक होगा। धरोहर धनराशि संलग्न नही होने पर निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। बैंकर्स चेक अथवा चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
10. सफल निविदादाताओं के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओं की धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।
11. दरें स्वीकार होने पर दरों में कोई बृद्धि मान्य नहीं होगी तथा फर्म अनुमोदित दर पर सामग्री देने को बाध्य होगी। यदि फर्म द्वारा आपूर्ति में विलम्ब किया जाता है तो धरोहर धनराशि अकादमी के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
12. सामग्रियों को अकादमी में लाये जाने एवं संस्थित किये जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
13. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अकादमी के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
14. निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर किये जाने आवश्यक हैं।
15. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.11.2011 है। उक्त तिथि को अपरान्ह् 01:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है तथा अपरान्ह् 03:00 बजे निविदायें अकादमी कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।
16. सामग्री की गुणवत्ता एवं विशिष्टिता का परीक्षण क्रय समिति द्वारा किया जाएगा तथा क्रय समिति का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।
17. निविदादाताओं के द्वारा दरें वैट एवं सेवा कर को अलग–अलग करते हुए प्रस्तुत की जायेंगी।

उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी भवाली, नैनीताल।
फर्नीचर की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र

प्रपत्र का वैट सहित मूल्य ₹ 500 प्रति

केवल कार्यालय प्रयोग हेतु प्रपत्र संख्या........ कार्यालय की मुहर

1. फर्म का नाम..

2. फर्म के स्वामी का नामः...

3. फर्म का स्थानीय पता...
   (दूरभाष संख्या सहित)..

4. फर्म का स्थाई पता..

5. व्यापार कर..
   पंजीकरण संख्या एवं प्रमाण–पत्र...

6. सेवा कर का प्रमाण–पत्र..
   यदि आवश्यक हो तो

7. धरोहर धनराशि का विवरण
   (अ) राष्ट्रीकृत बैंक का नाम..
   (ब) एफ0डी0आर0 संख्या..
   (स) धनराशि...

8. अन्य प्रमाण पत्र यदि आवश्यक हैं..

निविदादाता फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर

आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण

कम संख्या	सामग्री का विवरण	निर्माता / अधिकृत विकेता फर्म का नाम तथा पता कम्पनी एवं मेक का विवरण	विशेषताओं एवं गुणवत्ता का विवरण नाप एवं साईज सहित	मूल्य (दर एवं वैट प्रति नग अलग–अलग अंकित करें)
	कॉफ्रेंस टेबिल (तीन पीस में) साइज–16X6X3फिट (टॉप के बीच में दो फिट का गैप)			
	चेयर (रिवोल्विंग)			
	मास्टर चेयर(रिवोल्विंग)			
	सोफा प्रति सीट			
	सेन्टर टेबिल			
	आफिस अल्मीरा			
	आफिस चेयर			

फर्मदाता के ह0 / मुहर